प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी भोपाल
दोपहर समाचार
दिनांक 08.04.2025 समय: 2.10 PM

पोषण पखवाड़ा

महिला और बाल विकास मंत्रालय आज से पोषण पखवाड़ा का 7वां संस्करण मना रहा है, जो देशभर में कुपोषण से निपटने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराता है। इस वर्ष के पोषण पखवाड़ा का फोकस चार मुख्य विषयों पर है - जीवन के पहले 1000 दिनों के दौरान देखभाल, पोषण ट्रैकर के लाभार्थी मॉड्यूल का प्रचार-प्रसार, कुपोषण का प्रभावी प्रबंधन, और बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। इसके आरंभ से अब तक पोषण पखवाड़े के छह सफल संस्करण आयोजित किए गए हैं, जिससे राष्ट्रीय पोषण मिशन में जागरूकता और समुदाय की भागीदारी बढ़ी है।

पोषण पखवाडा-प्रदेश

प्रदेश में भी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न विभागों के समन्वय से आज से सभी जिलों में पोषण पखवाडे के सातवें संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। यह पखवाड़ा 22 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पोषण पखवाड़े के दौरान पोषण शपथ तथा नारे लेखन के माध्यम से भी जन समुदाय को जागरूक किया जायेगा। नर्मदापुरम जिले में साइकिल रैली, पोषण रैली, प्रभात फेरी, गर्भवती महिलाओं और धात्री माता तथा किशोरियों के साथ पोषण ट्रैकर में हितग्राही मॉडल पर समूह चर्चा, कुपोषित बच्चों की स्वास्थ्य जांच, एनीमिया जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है.

मुख्यमंत्री ग्वालियर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज ग्वालियर में नवनिर्मित आरओबी वर्चुअल रूप से जनता को समर्पित करेंगे। अपरान्ह 3.30 बजे यहाँ नाका चंद्रबदनी की ओर संभाग आयुक्त कार्यालय के समीप आरओबी का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित होगा। केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर सहित कई मंत्री भी इस कार्यक्रम से जुड़ेंगे

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि सरकार ऐसी गतिशील व्यवस्था बनाने पर ध्यान देना जारी रखेगी, जहां प्रत्येक आकांक्षी उद्यमी को ऋण सुविधा उपलब्ध हो और वह विश्वास के साथ

आगे बढ़ सके। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की दसवीं वर्षगांठ के अवसर पर सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि इस योजना ने अनेक लोगों के सपनों को साकार किया है और इस मामले में महिलायें भी पीछे नहीं हैं।

प्रधानमंत्री

मुद्रा योजना के अंतर्गत अब तक 32 लाख करोड़ रुपये से अधिक के 52 करोड़ से ज्यादा ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री ने अपने निवास पर इस योजना के लाभार्थियों के साथ बातचीत भी की। भोपाल के लवकुश मेहरा ने बताया कि मुद्रा योजना से उनका जीवन बदल गया है.

मौसम

प्रदेश के कई शहरों में जबरदस्त गर्मी पड़ रही है। प्रदेश में करीब दो दशक बाद अप्रैल में ही जून जैसा तापमान देखने को मिल रहा है। गुजरात-राजस्थान से आ रहीं गर्म हवाओं के कारण तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग ने आज भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, रतलाम और नीमच समेत 8 जिलों में लू का अलर्ट जारी किया गया है।

राई नर्तक निधन

प्रसिद्ध नर्तक लोक कलाकार रामसहाय पांडे का आज सागर में निधन हो गया. करीब 93 साल के रामसहाय पांडे कुछ दिन से काफी बीमार थे. बुंदेलखंड की प्रसिद्ध राई नृत्य में योगदान के लिए उन्हें पद्मश्री सहित कई सम्मान मिले थे.

समाचार संक्षेप में....

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 11 अप्रैल को प्रस्तावित यात्रा की तैयारियों के सिलसिले में ग्वालियर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।
- जबलपुर जिले में नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। वहीं कलेक्टर ने गेहूं की कटाई में प्रयोग होने वाले कंबाइन हार्वेस्टर में स्ट्रा रीपर लगाना अनिवार्य कर दिया है। और
- नर्मदापुरम के पथरौटा के पास एक यात्री बस के अनियंत्रित होकर पलट जाने से दो लोगों की मृत्यु हो गई और 10 लोग घायल हो गए।